तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जून 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



12 सहयोग चौपाल में सुनी गईं समस्याएं, पुलिस ...





12 खाद संकट और किसानों की समस्याओं को लेकर...





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### विश्व रक्तदाता दिवस पर लगेंगे रक्तदान शिविर

**जगदलपुर।** स्वैच्छिक रक्तदान और जीवन रक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे बस्तर जिले में व्यापक स्तर पर एक महा-अभियान की शुरुआत होने जा रही है। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी 14 जून को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाये जाने वाले विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर सुदूर वनांचल के विकासखण्डों तक विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस वृहद आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा जगदलपुर के द्वारा जिले के सभी प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों और खंड चिकित्सो अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करने कहा गया है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवार को 12 लाख की सहायता राशि

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवार को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत करपावण्ड निवासी नव्या देवांगन की मृत्यु पानी में डूबने से पिता नरसिंह देवांगन को, बकावण्ड के ग्राम मेटावाडा निवासी देवीसिंह की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री गायत्री को चार-चार लाख रूपए की सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। वहीं दरभा के ग्राम छिन्दावाड़ा कावारास निवासी कमलू की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र बलराम एवं जयराम सहित पुत्री जयमनी को संयुक्त रूप से चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### जेल में 10 दिन में 3 बंदियों की मौत चिंता की बात : मौर्य

**जगदलपुर।** केंद्रीय जेल में कैदियों की लगातार हो रही मौतों पर शहर



कांग्रेस ने चिंता और आक्रोश व्यक्त की है। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कि मात्र 10 दिनों के भीतर तीसरी मौत का सामने आना जेल प्रशासन की लापरवाही और संवेदनहीनता का प्रमाण है। 10 दिन में 3 कैदियों की मौत ने जेल की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। सवाल उठता है कि जेल के अंदर फांसी लगाने के लिए सामग्री कैसे पहुंच रही है। बीमार कैदियों को समय पर समुचित इलाज क्यों नहीं मिल रहा। इन मौतों से मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। कांग्रेस की मांग है कि 10 दिनों में हुई तीनों मौतों की न्यायिक जांच हाईकोर्ट के जज की निगरानी में कराई जाए। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कर निलंबित किया जाए। मृतक कैदियों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। जेल में स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए। पूरे मामले की रिपोर्ट 7 दिन में सार्वजनिक की जाए। समय पर जांच और परिजन को मुआवजा नहीं मिलने पर कांग्रेस आंदोलन करने बाध्य होगी।

### कर्मचारी संघ मांगों को लेकर धरना देगा आज

**जगदलपुर।** प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीलम मिश्रा ने बताया कि 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग को शेष पेज 12 पर

### बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में 73669 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

# समाधान योजना से 7754 उपभोक्ताओं ने किया 1.17 करोड़ का बकाया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- उपभोक्ताओं के घर में पहुंच रहे अधिकारी व कर्मचारियों की टीम

बस्तर संभाग अंतर्गत सातों जिलों के मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में 73669 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन व 7754 उपभोक्ताओं ने एक करोड़ 17 लाख 36 हजार रूपए का भुगतान किया। सरकार की मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत बनकर आई है, जिसमें सरचार्ज माफी और आसान किस्तों की सुविधा दी जा रही है। बकाया बिजली बिलों पर 100 प्रतिशत सरचार्ज (जुर्माना) माफ किया जा रहा है। पंजीयन के समय केवल मूल बकाया राशि का 10 प्रतिशत भुगतान करना आवश्यक है और शेष राशि बिना किसी




अतिरिक्त अधिभार के आसान किश्तों में जमा की जा सकेगी। उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली वितरण केंद्र, शिविरों या ऑनलाइन माध्यमों से अपना पंजीयन करा रहे हैं। योजना के तहत अनेक उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत प्रदान की गई। हितग्राहियों ने बताया कि योजना से उन्हें आर्थिक राहत मिली है और लंबित बिजली बिल की चिंता काफी हद तक कम हुई है।

बताया जा रहा है कि कंपनी के कार्यपालक निदेशक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक, कनिष्ठ अभियंता एवं कर्मचारियों की टीम उपभोक्ताओं के घर में पहुंच रहे हैं। जिसमें उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दे रहे हैं।

#### कमजोर परिवारों पर बड़ी सहायता साबित योजना

उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले बढ़े हुए बिजली बिल के कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि अब वे बिना किसी अतिरिक्त बोझ के नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी सहायता साबित हो रही है।

#### बस्तर जिले ग्रामीण के अधिक उपभोक्ता

जानकारी के अनुसार समाधान योजना से विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग में 55, जगदलपुर (ग्रामीण) संभाग में 38199, दंतेवाड़ा में 615, बीजापुर में 3635, सुकमा में 6005, कांकेर में 592, भानुप्रतापपुर में 3400, पखांजूर में 4218, कोंडागांव में 13104 एवं नारायणपुर में 3846 उपभोक्ताओं पंजीयन कराया।

#### कार्यपालन अभियंताओं को दिया निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि समाधान योजना से अभी भी बकायादार उपभोक्ता पंजीयन करा रहे हैं। इसके लिए सातों जिलों के कार्यपालन अभियंताओं डीई को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंचकर योजना लाभ दिलाएं।

## लाखों का गांजा बरामद, बिलासपुर का तस्कर बस स्टैण्ड से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने बिलासपुर के तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 9 लाख रूपए से अधिक कीमत का मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश, सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी की ओडिशा बार्डर स्थित ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर जगदलपुर की ओर जाने वाले बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर टीम द्वारा संदिगध को घेराबंदी कर पकडा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राहुल पांडे निवासी मंगला चौक, थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर का रहने वाला है। उसने बताया कि ओडिशा से गांजा खरीदकर अधिक कीमत मे बेचने बिलासपुर लेकर जा रहा था। उसके कब्जे से दो बैग में रखा 18.85 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 9 लाख 4250 रूपए आंका गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में नगरनार थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह, प्रशिक्षु एसआई दीपक कुमार सिंह, एएसआई जदुराम बघेल सतीश तिवारी, आरक्षक राधा कृष्ण राय, दशरू नाग, नेल्सन टोप्पो व सैनिक जगन्नाथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## माड़पाल में प्रसिद्ध फूल जात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- सुकमा जमींदार परिवार के कुमार विजित देव हुए शामिल

जिला मुख्यालय के निकट ग्राम माड़पाल में मंगलवार को ग्राम देवी कोदईमाता वार्षिक फूल जात्रा का आयोजन किया गया। इस जात्रा कार्यक्रम में सुकमा जमींदार परिवार के कुमार विजित देव शामिल हुए। उन्होंने कोदईमाता माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की । यह फुल जात्रा अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक आयोजनों में से एक है जिसमें आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में सम्मिलित होते हैं । जात्रा में शामिल कुमार विजित देव ने बताया कि ग्राम माड़पाल के ग्रामीण इस कार्यक्रम में उनके पिताश्री को आमंत्रित किया था। परन्तु उनकी अनुपस्थिति में वे इस कार्यक्रम मे शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता कुमार जयदेव एवं चाचा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव लगातार देव मंदिरों देवस्थल, गुड़ियों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए सदैव सतत प्रयासरत रहते है। इस माड़पाल के कोदई माता शेष पेज 12 पर

## वीर शहीद एएसपी की प्रथम पुण्यतिथि पर गमगीन हुई कोंटा बस्ती



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा

- पुलिस प्रशासन ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा
- 0 आकाश राव गिरपूंजे की शहादत को किया याद

नक्सलवाद के दिए जख्म अभी भरे नहीं, हालांकि देश सहित छग से माओवाद को समाप्त कर दिया गया है । किंतु कुछ जख्म नक्सलवाद के दिए भुलाए नहीं जा सकते। बीते वर्ष वीर गति को प्राप्त हुए कोंटा के एएसपी शहीद आकाश राव गिरपूंजे की शहादत एवं व्यक्तित्व को लेकर कोंटा ब्लॉक मुख्यालय के वरिष्ट जनों तथा राजनितिक दलों, नगरवासी श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। थाना परिवार के साथ नगर के लोगों ने पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के साथ विगत लम्बे समय से क्षेत्र की सुरक्षा में लगे सीआरपीएफ शेष पेज 12 पर

## ग्रामीणों का हाल जानने दरभा क्षेत्र के मुंडागढ़ पहुंची बस्तर पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- ग्रामीणों से रूबरू हुए एसपी, समस्याएं सुनकर निराकरण करने आश्वस्त किया

दरभा थाना क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्राम मुंडागढ़ में मंगलवार को बस्तर पुलिस ने सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। एसपी ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन की समस्याएं सुनी और सभी समस्याओं के निराकरण करने भरोसा दिया। इस अवसर पर खेलों को बढ़ावा देने युवाओं के बीच विभिन्न खुल स्पर्धा करवाया गया और युवाओं में खेल सामग्री का वितरण किया गया।

आईजी सुंदरराज पी के निर्देश पर बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा




द्वारा विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे दूरस्थ ग्राम मुंडागढ़ में एक वृहद सामुदायिक पुलिसिंग व सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में ग्राम मुंडागढ़ के अलावा चांदामेटा, कचिररास, ठोठापारा, सल्फीपदर व छिंदगुर के लगभग एक हजार ग्रामीण भारी उत्साह के साथ शामिल हुए। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के मनोरंजन और सुदूर क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए विभिन्न खेल स्पधार्ओं का आयोजन किया गया। इस दौरान रस्सी खींच, हांडी फोड़ और कुर्सी दौड़ मुख्य आकर्षण रहे। ग्रामीणों और स्थानीय युवाओं ने इन खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीणों एवं बच्चों में दैनिक आवश्यकता और खेल शेष पेज 12 पर

### उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

# अंतिम यात्रा व संस्कार में भी मृतकों को नहीं मिल रहा सुकून

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

- शहर के मुक्तिधाम में अव्यवस्था का आलम


नगरपालिका स्थित हिंदुओं के एकमात्र मुक्तिधाम भी इन दिनों बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सिंतबर 2025 में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी नगरीय प्रशासन बेखबर है और मुक्तिधाम में अव्यवस्थाओं का अंबार है। नगरपालिका के वार्ड क्रं. 13 स्थित मुक्तिधाम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। मुक्तिधाम में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। आलम यह है कि देखरेख के अभाव में अब मुक्तिधाम शराबियों का अड्डा बन गया है। शेष पेज 12 पर



#### उच्च न्यायालय ने लिया था स्वतः संज्ञान

जानकारी के अनुसार उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मुक्तिधामों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा तथा नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। तत्संबंध में न्यायालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को मुक्तिधामों की व्यवस्था सुधारने के निर्देश देते हुए फोटोग्राफी मांगी थी। बावजूद स्थानीय मुक्तिधाम में व्यवस्थाएं बदहाल बनी हुई हैं। परिसर में गंदगी, झाड़-झंखाड़, टूटी हुई संरचनाएं और आवश्यक सुविधाओं की कमी के कारण अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### पार्षद का आरोप- कई दफे की शिकायत



वार्ड क्रं. 13 की पार्षद कांता राठी का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। तत्संबंध में 3 अक्टूबर 2025 को नपा को पत्र भी लिखा था लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई। इस संबंध में पुनः 8 जून को भी नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव को भी पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित कराया गया है।

#### न्यायालय के आदेश का अक्षरशः हो पालन



वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जैन ने कहा कि मुक्तिधाम को व्यवस्थित करने के संदर्भ में न्यायालय के आदेशों का समयबद्ध पालन किया जाना प्रशासनिक दायित्व होने के साथ-साथ विधि के शासन की मूल भावना के अनुरूप भी है। अपेक्षा की जाती है कि संबंधित अधिकारी तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। अगर ऐसा नही किया जाता है तो भी अवमानना का मामला बन सकता है।

#### व्यवस्थित करेंगे: सीएमओ

मुक्तिधाम मामले में मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनीत साव ने कहा कि जल्द ही इस हेतु कार्रवाई शुरू करेंगे। भविष्य में इसे समाजसेवकों के माध्यम से संचालन पर भी विचार करेंगे।

## मंडी की टीम ने रात्रि को दो ट्रकों से 600 क्विंटल अवैध मक्का किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर बोरगांव में ओडिशा प्रांत की दो संदिग्ध ट्रकों को पकड़ा

कृषि उपज मंडी समिति कोंडागांव टीम ने बीती रात गश्त के दौरान रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर बोरगांव में ओडिशा प्रांत की दो संदिग्ध ट्रकों को पकड़ा है, जिनमें से 600 क्विंटल (प्रत्येक में 300-300 क्विंटल) मक्का पाया गया। टीम ने बिना वैध दस्तावेजों और मंडी शुल्क के अवैध परिवहन के संदेह में इस उपज को जब्त कर लिया है। मंडी अधिनियमानुसार जब्ती प्रकरण की कार्रवाई कर दोनों वाहनों को थाना फरसगांव की अभिरक्षा में दिया गया है। जब्ती मुख्य रूप से उपज के अवैध व्यापार और मंडी टैक्स की चोरी को रोकने के उद्देश्य से की गई है। जब्त किए गए मक्के और ट्रकों शेष पेज 12 पर



#### मंडी सचिवों को दिए निर्देश

मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने समय-समय पर मंडी सचिवों को मंडियों के सुचारू संचालन, अवैध व्यापार रोकने और प्रशासनिक कार्यों के लिए निर्देश जारी किया। अनुज्ञाप्तिधारकों को ई-अनुज्ञा पोर्टल पर काम करने और अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### फसल नुकसान के सदमे में बुजुर्ग किसान ने पीया जहर, जंगल में मिला शव



**फरसगांव।** थाना फरसगांव क्षेत्र के ग्राम भानपुरी में एक किसान द्वारा जहर सेवन कर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान केशव हलधर (65 वर्ष), निवासी जुगानी कैंप, थाना फरसगांव के रूप में हुई है। बताया गया कि रविवार को वह अपने खेत में मजदूरों के साथ मक्का फसल की साफ-सफाई कर रहा था। इस दौरान खेत में फसल अवशेष जलाने के समय आग पड़ोसी के खेत तक पहुंच गई, जिससे मक्का की फसल और ड्रिप पाइप को नुकसान हुआ। परिजनों के अनुसार घटना के बाद नुकसान की भरपाई को लेकर आपसी सहमति भी बन गई थी, लेकिन किसान मानसिक रूप से परेशान था। सोमवार की सुबह वह अकेले खेत की ओर गया था। बाद में ग्राम भानपुरी के जंगल में उसका शव पड़ा मिला। मौके से जहर का डिब्बा भी बरामद हुआ है। पुलिस का मानना है कि फसल नुकसान और उससे उपजे तनाव के कारण किसान ने यह कदम उठाया हो सकता है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फरसगांव के चीरघर में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद मगलवार को शव परिजनों को सौंपा दिया जाएगा। फिलहाल फरसगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बीमा कंपनी अदा करेगी वाहन के आईडीवी मूल्य की राशि 11 लाख

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने मंगलवार को एक प्रकरण में आवेदक को टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर द्वारा वाहन पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त होने पर आईडीवी मूल्य की राशि 11 लाख रुपए एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 10 हजार रुपए पृथक से देने का आदेश दिया है। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी मोहम्मद अशफाक की हुण्डई क्रेटा कार का बीमा टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया गया था। आवेदक की उक्त वाहन एक सड़क दुर्घटना में पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिस हेतु आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीमा कंपनी के समक्ष क्षति दावा प्रस्तुत किया गया था। जिस पर बीमा कंपनी द्वारा सर्वे करवाने के पश्चात, घटना का चालक बदले जाने के कारण आवेदक का क्षति दावा निरस्त कर दिया गया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है। घटना के समय के वाहन चालक को बदला गया है। बीमा धारक की ओर से इस तरह के उल्लंघन को बीमाकर्ता द्वारा यह दिखाने के लिए स्थापित किया जाना चाहिए कि न केवल बीमाधारक ने अधिनियम के उल्लंघन में वाहन का उपयोग किया या उपयोग करने की अनुमति दी बल्कि यह भी कि उसे जो भी नुकसान हुआ है, वह उसे उल्लंघन से हुआ है। साथ ही बीमा कंपनी को दायित्व से बचने के लिए बचाव को स्थापित करना होगा एवं बीमा शर्तों के उल्लंघन होने के प्रमाण का भार बीमा कंपनी पर होगा। इस कारण बीमा कंपनी द्वारा दावे से अस्वीकार करना अवैध है। आवेदक को हुई मानसिक परेशानी हेतु 10 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति पृथक दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

# सहयोग चौपाल में सुनी गईं समस्याएं, पुलिस और नगर पालिका ने मिलकर कराया समाधान

**क्षतिग्रस्त पुलिस आवास परिसर की समस्या पर दोनों पक्षों में बनी सहमति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव पुलिस द्वारा संचालित 'सहयोग चौपाल' पहल के तहत अजाक थाना परिसर में विशेष चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन, नगर पालिका परिषद और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान किया गया।

जानकारी के अनुसार अजाक परिसर से लगे पुराने व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स को हटाकर नए कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण के लिए की गई गहरी खुदाई के कारण समीप स्थित पुलिस कॉलोनी के कुछ आवासों के बाथरूम, शौचालय एवं दीवारों को नुकसान पहुंचा था। इससे वहां निवासरत कर्मचारियों और परिवारों में नाराजगी का माहौल बन गया था। पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन में आयोजित सहयोग चौपाल में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय एवं अजाक थाना प्रभारी उप निरीक्षक अमिताभ खाण्डेकर मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार, प्रभावित परिवारों एवं अन्य नागरिकों को आमंत्रित कर उनकी समस्याएं सुनी गईं। दोनों पक्षों के बीच खुली चर्चा कर समाधान के लिए आवश्यक सहमति बनाई गई। चौपाल के दौरान उठाई गई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।




**'सहयोग चौपाल' बन रही जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच**

पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा द्वारा शुरू की गई 'सहयोग चौपाल' पहल को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस मंच के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच संवाद बढ़ रहा है तथा छोटी–बड़ी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान किया जा रहा है। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के साथ नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## उर्वरक की कमी, डीजल उपलब्धता और धान खरीदी घोटालों की जांच की उठाई मांग

# खाद संकट और किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

किसानों को खाद की कमी, डीजल उपलब्धता में आ रही समस्याओं तथा धान खरीदी केंद्रों में कथित अनियमितताओं के मुद्दे को लेकर जिला किसान कांग्रेस ने सोमवार को शासन–प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान कांग्रेस पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

- किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन : हीरालाल नेताम

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हीरालाल नेताम ने कहा कि प्रदेश को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन वर्तमान में किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को पर्याप्त मात्र में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है और प्रति एकड़ सीमित मात्र में उर्वरक मिलने से बेहतर उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि खेती–किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में उर्वरकों की कमी किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। साथ ही बाजार में खाद की कालाबाजारी की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। ज्ञापन में किसानों के लिए डीजल उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। किसान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कृषि कार्यों के लिए किसानों को जरीकेन में डीजल नहीं मिलने से भारी परेशानी हो रही है। किसानों को बार–बार पेट्रोल पंपों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनका समय और संसाधन दोनों प्रभावित हो रहे हैं।



**धान खरीदी केंद्रों की जांच की मांग**

किसान कांग्रेस ने जिले के धान खरीदी केंद्रों में सामने आए कथित घोटालों की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग भी की। नेताओं का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होने से भविष्य में अनियमितताओं की पुनरावृत्ति पर रोक लग सकेगी।

**किसान हित में त्वरित निर्णय लेने की मांग**

किसान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर शासन–प्रशासन को अवगत कराया गया है। यदि सरकार किसान हित में जल्द निर्णय नहीं लेती है, तो आने वाले दिनों में जिला स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

**ये कांग्रेसी रहे उपस्थित**

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रितेश पटेल, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हीरालाल नेताम, प्रदेश किसान कांग्रेस महासचिव एवं कार्यक्रम प्रभारी गजेंद्र सिन्हा, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष हरमोहन कोहली, प्रदेश सचिव सकुर खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय करन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, जनपद सदस्य जेठू पोयाम, जयराम मरकाम, मंडल अध्यक्ष लखमू कोर्राम, पिलाराम बघेल, सेवक दीवान, सहदेव पोयाम, गोलू पोयाम, शहर उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, महामंत्री सन्नी चोपड़ा, लखी पोयाम, चुन्नीलाल नायक, धनशु नेताम, महिला कांग्रेस की नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, रंजीता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया आरक्षित भूमि का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयासों एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से 3 करोड़ की लागत से आदिवासी समाज भवन की स्वीकृति मिलने पर नगर पंचायत केशकाल में आदिवासी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं प्रमुख पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री एवं विधायक का आभार जताया।

बैठक के दौरान आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष फरसु सलाम ने कहा कि लंबे समय से समाज भवन की मांग की जा रही थी, जिसकी स्वीकृति मिलना पूरे आदिवासी समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने भवन निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने का आग्रह किया। बैठक उपरांत विधायक नीलकंठ टेकाम, आदिवासी समाज के प्रमुखजनों एवं समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे आदिवासी समाज द्वारा आरक्षित भूमि का स्थल निरीक्षण एवं अवलोकन किया। इस दौरान समाज भवन के प्रस्तावित स्वरूप एवं निर्माण संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समाजजनों ने भवन को आदिवासी संस्कृति, परंपरा एवं विरासत की पहचान के अनुरूप विकसित करने का सुझाव दिया। इसके लिए आदिवासी कला, संस्कृति, पारंपरिक प्रतीकों एवं स्थापत्य शैली को समाहित करते हुए भवन का प्रारंभिक नक्शा तैयार करने पर भी सहमति बनी, जिससे यह भवन केवल एक सामुदायिक केंद्र ही नहीं बल्कि आदिवासी अस्मिता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन सके। समाज के लोगों ने कहा कि यदि भवन का निर्माण शीघ्र पूर्ण होता है, तो आदिवासी समाज द्वारा पारंपरिक ढोल-मांदरी, लोकनृत्य एवं आदिवासी रीति-रिवाजों के साथ विधायक श्री नीलकंठ टेकाम का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। विधायक नीलकंठ टेकाम ने समाजजनों को आश्वस्त किया कि आदिवासी समाज भवन के निर्माण को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि समाज को एक आधुनिक एवं सांस्कृतिक पहचान से युक्त भवन की सौगात मिल सके।



**सुशासन तिहार से मिली नई उम्मीद**

# ई–रिक्शा से आत्मनिर्भर बनेंगी अघन्तीन नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सुशासन तिहार के तहत श्रम विभाग की ई–रिक्शा सहायता योजना ने ग्राम चरकई निवासी सुश्री अघन्तीन नेताम के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों ई–रिक्शा प्राप्त कर उन्होंने आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

- श्रम विभाग की योजना से मिला रोजगार का स्थायी साधन

अघन्तीन नेताम पहले परिवार की सहायता के लिए दैनिक मजदूरी रेजा–कुली का कार्य करती थीं। सीमित आय और अनिश्चित रोजगार के कारण परिवार की जरूरतों को पूरा करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत करना नहीं छोड़ा। अघन्तीन के छोटे भाई को श्रम विभाग की ई–रिक्शा सहायता योजना की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने उन्हें आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। आवश्यक पात्रता और दस्तावेज पूरे कर ऑनलाइन आवेदन किया गया, जो स्वी—त होने पर उन्हें सहायता राशि और ई–रिक्शा प्राप्त हुआ। ई–रिक्शा मिलने से अघन्तीन को रोजगार का स्थायी साधन प्राप्त हुआ है। इससे उन्हें नियमित आय अर्जित करने का अवसर मिलेगा और वे अपने माता–पिता की आर्थिक जिम्मेदारियों में भी सहयोग कर सकेंगी। अघन्तीन नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं श्रम विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की इस पहल ने उनके जीवन को नई दिशा, नई पहचान और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया है।



# जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, 4 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना पुलिस ने जुआ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम कुमगांव के जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर छापा मारकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 9,250 रुपये नकद, ताश के 52 पत्ते, चार मोबाइल फोन और सात दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं।

- आरोपियों के कब्जे से 9,250 रुपये नकदी मोबाइल और 7 दोपहिया वाहन जब्त

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुमगांव के जंगल किनारे महुआ पेड़ के नीचे कुछ लोग हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना फरसगांव की टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी और चार लोगों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में हरिराम नेताम (35) निवासी गारावंडी टोटीपारा थाना केशकाल, राजकुमार कोर्राम (32) निवासी बरकई थाना फरसगांव, नरेंद्र कुमार बघेल (35) निवासी पाण्डेआठगांव थाना फरसगांव तथा गजानंद कुमार ताम्रकार (29) निवासी चिटोटी थाना गुरूर जिला बालोद, हाल निवासी कोण्डागांव शामिल हैं।



पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी अरुण नेताम के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास्तव तथा पुलिस टीम ने की।

# मशरूम अचार निर्माण से छात्राओं ने दिखाई नवाचार और स्वरोजगार की राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

कृषि क्षेत्र में मूल्यवर्धित उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मशरूम अचार का निर्माण किया गया, जिसने महाविद्यालय में विशेष आकर्षण प्राप्त किया। छात्राओं ने आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों एवं पारंपरिक स्वाद का समन्वय करते हुए स्वादिष्ट एवं पौष्टिक मशरूम अचार तैयार किया। यह पहल ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार एवं लघु उद्योग की संभावनाओं को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

- कृषि महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा तैयार किया गया पौष्टिक मशरूम अचार



मशरूम अचार निर्माण के लिए ताजे मशरूम के साथ सरसों तेल, हल्दी, लाल मिर्च, नमक, राई, मेथी, सौंफ एवं अन्य मसालों का उपयोग किया गया। छात्राओं ने स्वच्छता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए मशरूम को उबालकर एवं सुखाकर पारंपरिक विधि से अचार तैयार किया। संतुलित मसालों के प्रयोग से अचार का स्वाद एवं गुणवत्ता दोनों बेहतर बनाए गए। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं को मशरूम संरक्षण एवं मूल्यवर्धन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. रत्ना नशीने के मार्गदर्शन तथा सा. प्राध्यापक डॉ. नवीन मरकाम, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. देवेंद्र कुर्रे, डॉ. सविता आदित्य, डॉ. मदनलाल कुर्रे, डॉ. गौतम भास्कर, डॉ. पुष्पराज दीवान, डॉ. नवनीत ध्रुवे एवं डॉ. विवेक विश्वकर्मा (पादप रोग विज्ञान) के निर्देशन में संपन्न हुआ। सभी शिक्षकों ने छात्राओं को मशरूम प्रसंस्करण, पैकेजिंग, संरक्षण एवं विपणन से संबंधित आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों के अनुसार मशरूम में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन एवं खनिज तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। मशरूम अचार न केवल स्वादिष्ट होता है बल्कि यह लंबे समय तक सुरक्षित रहने वाला मूल्यवर्धित उत्पाद भी है। उचित ब्रांडिंग एवं विपणन के माध्यम से ऐसे उत्पाद ग्रामीण युवाओं के लिए आय का अच्छा स्रोत बन सकते हैं। इस गतिविधि में छात्राएं रश्मि सिंह, प्रिया मौर्य, रश्मि बघेल एवं राधिका नेताम ने सक्रिय सहभागिता निभाई। छात्राओं ने मशरूम अचार निर्माण से लेकर पैकेजिंग एवं प्रस्तुतीकरण तक की पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे कृषि आधारित उद्यमिता की दिशा में प्रेरणादायक पहल बताया।

## पेज 11 के शेष

### माड़पाल में प्रसिद्ध...

मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया गया। जिसके पश्चात इस वर्ष का यह आयोजन हुआ । उन्होंने कहा चाचा के विधायक बनने के पश्चात लगभग 250 मंदिर एंव देवगुड़ियों का उन्नयन जीर्णोद्धार किया गया है। और लगातार यह क्रम बढ़ रहा है।

**हर वर्ष होती है आयोजित:** माड़पाल के सरपंच महादेव बाकड़े ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां कोदईमाता के वार्षिक मेले के तहत फुल जात्रा का आयोजन किया गया । जिसमें शामिल होने के लिए क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था । बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महामंत्री राधेश्याम पंद्रे ने बताया कि विधायक किरण देव के निर्देशन और मार्गदर्शन में इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष फूल जात्रा अयोजन किया गया है। जिसमें सुकमा जमींदार परिवार सदस्य कुमार विजित देव, यशराज राजपूत, तेजिंदर सिंह, मनोज जंगम शामिल हुए ।

### वीर शहीद एएसपी की ...

के अनेक बटालियन के प्रमुख अधिकारियों के साथ-साथ नगर वासी शामिल हुए । यह एक ऐसा यादगार अवसर था जो कि पहली बार बस स्टैंड परिसर में एस वरिष्ट पुलिस अधिकारी के प्रथम पुण्यस्मरण करने का अवसर कोंटा वासियों को मिला । दो मिनट के मौन धारण के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरूआत की गई । शहीद आकाश राव के जीवनी पर कोंटा एसडीओपी डॉ प्रशांत कुमार देवांगन ने प्रकाश डाला और सभी को श्रद्धांजलि हेतु आमंत्रित किया ।

**नगरवासियों को कराया भोज:** नगर के वरिष्ठ नागरिक जेट्टीरामाराव, शेख मुनीर,पी विजय नायडू, मो.शम्मी तथा भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुवेर्दी कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष उस्मान अली नूर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जी पवन कुमार तथा एनएसयूसआई के छात्र नेता नमीर अली पार्षद देवेंद्र कुमार, देबाशीश राय, सुधीर पांडे सहित दर्जनों प्रमुख जनों एवमं पत्रकारों ने शहीद आकाश राव गिरपुंजे के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कोंटा एएसपी मनोज तिर्की, थाना प्रभारी सलीम काका तथा सीआरपीएफ डीआईजी राजेश कुमार पांडे व सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि क्षेत्र में सेवा दे रहे सीआरपीएफ के सभी बटालियन के कमांडेंट मौजूद थे ।

**निकाला गया कैंडल मार्च:** सुबह ग्यारह बजे से श्रद्धांजलि कार्यक्रम पश्चात प्रथम पुण्यतिथि के प्रतिभोज के बाद पुलिस प्रशासन ने संध्या सात बजे बस स्टैंड परिसर से अटल चौक तक कैंडल मार्च निकाल भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ग्रामीणों का हाल ...

सामग्री का वितरण किया गया! वहीं युवाओं के लिए खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए वॉलीबॉल किट, क्रिकेट किट और फुटबॉल किट प्रदान की गई। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने कॉपी, किताब, पेन, कंपास और स्कूल बैग तथा दैनिक जरूरत के सामान कंबल, साड़ी, टी-शर्ट, मच्छरदानी व अन्य आवश्यक दैनिक जरूरत की सामग्री बांटी गई।

**मौजूद रहे जनप्रतिनिधी व अधिकारी:** कार्यक्रम के दौरान एसपी शलभ कुमार सिन्हा, सीएसपी सुमित कुमार, एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण पोटाई, डीएसपी बीएस मडावी, असिस्टेंट कमान्डेंट कृष्णचंद शंकर, रक्षित निरीक्षक अभिजीत भदौरिया, दरभा थाना प्रभारी निरीक्षक चाणक्य नाग, पखनार प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राठौर के अलावा जनपद सदस्य बलिराम बघेल, सरपंच श्रीमती लकेबाई कश्यप, उपसरपंच नीलुराम कूर्राम, ग्राम पटेल चैतन नाग समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**साइबर सुरक्षा, यातायात और जन–समस्याओं पर चर्चा:** कार्यक्रम के दौरान एसपी व अन्य अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों और युवाओं को बदलते परिवेश की जरूरतों को देखते हुए साइबर सुरक्षा (ऑनलाइन ठगी से बचाव) तथा यातायात सुरक्षा (सड़क नियमों का पालन) के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसके साथ ही अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी बुनियादी समस्याओं को विस्तार से सुना तथा संबंधित विभागों से बेहतर तालमेल बिठाकर उनका जल्द से जल्द निराकरण करने का भरोसा दिलाया। एसपी ने कहा कि आयोजन से क्षेत्र की जनता और बस्तर पुलिस के बीच का आपसी समन्वय और मजबूत हुआ है जिससे ग्रामीणों में एक नया उत्साह देखने को मिला।

### अंतिम यात्रा व संस्कार में ...

मुक्तिधामों के लिए न्यायालय ने जारी किए हैं 11 सूत्रीय निर्देश

हाईकोर्ट ने मुक्तिधाम और श्मशान घाटों की स्थिति में सुधार के लिए निर्देश देते हुए कमियों को दूर करने के लिए 11 सूत्रीय निर्देश जारी किए। जिसमें स्थानीय निकाय और नगर निगम के सभी श्मशान अंतिम संस्कार स्थलों पर व्यापक सफाई और स्वच्छता अभियान चलाए। कचरा, खरपतवार, जमा पानी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया जाए। बुनियादी ढांचे की मरम्मत, जिले के सभी श्मशान घाटों की स्थिति की निगरानी। सभी श्मशान-दफन के लिए एक रजिस्टर डिजिटल या मैनुअल रखा जाए। मुक्तिधाम में पानी की व्यवस्था, बिजली की पर्याप्त व्यवस्था, शौचालय, आश्रय और बैठने की व्यवस्था करते हुए मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ी व एलपीजी की व्यवस्था और कार्यात्मक विद्युत गैस शवदाह गृह सहित तुरंत सुधारात्मक उपाय करने को कहा है।इसके अलावा राज्य सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी श्मशान घाट और मुक्तिधामों के रखरखाव और सुधार के लिए पर्याप्त धनराशि का आवंटन सुनिश्चित करेगी।

**प्रशासन उदासीन:** सुकमा नगरपालिका के नागरिकों का आरोप है कि न्यायालय के स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद प्रशासनिक अमला इस गंभीर विषय को लेकर उदासीन बना हुआ है। नागरिकों ने मांग की है कि मुक्तिधाम की नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि यह केवल एक सार्वजनिक स्थल नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं और सम्मान से जुड़ा स्थान है, जहां बेहतर व्यवस्थाएं होना आवश्यक है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मुक्तिधाम की स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो वे जनहित में आंदोलन और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उच्च स्तर पर शिकायत करने को मजबूर होंगे।

### मंडी की टीम ने...

को संबंधित मंडी परिसर में खड़ा कर आगे की जांच। नियमानुसार पांच गुना पेनल्टी जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

### कर्मचारी संघ मांगों...

लेकर 10 जून को शाम 4:30 बजे कलेक्ट्रेट चौक में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संदर्भ में 10 जून को जगदलपुर पहुंचने के लिए सभी ब्लाक में जाकर संघ के पदाधिकारी सम्पर्क कर रहे है।

**खबर संक्षेप**

## एक पेड़ मां के नाम से दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

**बीजापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंद्रावती टाइगर रिजर्व ने ग्राम नैमेड़ में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा स्थानीय समुदाय को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक एवं सहभागी बनाना था। आयोजन फील्ड डायरेक्टर स्टायलो मंडावी एवं उप संचालक संदीप बलगा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी, डॉ. सुनील शर्मा, इंद्रावती टाइगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारी, पेट्रोलिंग गार्ड तथा ग्राम नैमेड़ बीजापुर एवं गुदमा की ईको डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देशी प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। उपस्थित प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, वन एवं वन्यजीव सुरक्षा, अवैध वन्यजीव व्यापार की रोकथाम तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई।

## प्रसव पूर्व देखभाल व जांच के बारे में दी गई जानकारी



**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिले के सभी विकासखंडों में अभियान की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को उनकी गर्भावस्था की दूसरी एवं तीसरी तिमाही के दौरान निर्धारित दिवस पर गुणवत्तापूर्ण एवं व्यापक प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क प्रसव पूर्व जांच की जाती है। अभियान की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में विशेष संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को सुरक्षित मातृत्व, प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

## 90 आत्मसमर्पित नक्सली बनेंगे साक्षर



**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत पुनर्वास केंद्र बीजापुर में साक्षरता केंद्र के छठवें बैच का शुभारंभ किया गया। इस बैच में 90 असाक्षर आत्मसमर्पित नक्सली बुनियादी साक्षरता एवं अंकज्ञान प्राप्त कर शिक्षित बनने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आत्मसमर्पित नक्सलियों को शिक्षा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए सक्षम बनाना है। इसका सकारात्मक परिणाम हाल ही में कोण्डापल्ली में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान देखने को मिला, जहां मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान एक आत्मसमर्पित नक्सली दंपति ने बताया कि पुनर्वास केंद्र में प्राप्त साक्षरता एवं अंकज्ञान ने उनके जीवन में नई रोशनी लाई है। शिक्षा के माध्यम से वे आज सफलतापूर्वक दुकानदारी का व्यवसाय कर अपनी आजीविका चला रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षार्थियों को उल्लास प्रवेशिका, मार्गदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका, पेन सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

# माता हिंगलाजिन विद्यापीठ की प्रबंध समिति की बैठक में शिक्षा के विस्तार व विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घाटलोहंगा

नव युवा जनजागरण द्वारा संचालित माता हिंगलाजिन विद्यापीठ बकावंड की प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय के संचालन, शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों के हितों तथा आगामी विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

संस्था के बायलॉज में निर्धारित मापदंडों के अनुसार संस्था का सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्तियों को निर्धारित सदस्यता शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। सदस्यता की श्रेणियां एवं शुल्क निम्नानुसार निर्धारित किए जाते हैं। संरक्षक सदस्य 5000, आजीवन सदस्य 4000, सामान्य सदस्य के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क 120 निर्धारित किया जाता है, जो वर्ष में एक बार अथवा मासिक आधार पर जमा किया जा सकेगा। सदस्यता शुल्क जमा करने के उपरांत ही संबंधित व्यक्ति को संस्था का सदस्य माना जाएगा तथा उसे संस्था के बायलॉज में प्रदत्त अधिकार एवं दायित्व प्राप्त होंगे।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि माता हिंगलाजिन विद्यापीठ में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक की शिक्षा प्रदान की जाती है। संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। विद्यालय में अनेक गरीब परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है, जिससे क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा का लाभ मिल रहा है। बैठक में विद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक उपलब्धियों की समीक्षा की गई। इस दौरान रतन कश्यप, नवीन कुमार बघेल, धीरनार बघेल, तुलाराम मौर्य, जयराम निषाद, शिवशंकर, अर्जुन कश्यप, प्रहलाद चंद्राकर, तुला राम सेटीया, दुर्जन सिंह कश्यप, झाड़ूराम, जगमोहन बघेल, चंद्रशेखर, गोपाल कश्यप, ललित राम, दयानाथ कश्यप, ललित राम कश्यप, बलदेव कश्यप, शुकलधर, कमलबती कश्यप, मांगतीन भारती, गुलेद्री बघेल, कुमारी दर्वशी कश्यप, जया कश्यप, भगत निषाद, समदूराम कश्यप सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर जोर



प्रबंधन ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगातार 100 प्रतिशत रहा है, जो विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। विद्यालय में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं समाजसेवा की भावना से विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षण सेवा प्रदान कर रहे हैं, जिसकी उपस्थित सदस्यों ने सराहना की। शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में विद्यालय से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। उपस्थित सदस्यों ने विद्यालय के विकास एवं समाज के शैक्षणिक उत्थान के लिए निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### बचेली के विकास और पेयजल संकट के समाधान के लिए उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# मंच से उप मुख्यमंत्री ने कहा- राजू जायसवाल की मांग संज्ञान में है, जल्द होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली/किरंदुल





नगर की मूलभूत और लंबे समय से लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल निरंतर सक्रियता दिखा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के क्षेत्र प्रवास के दौरान, पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्षदों और जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की

- **5 टंकियों के बाद भी सूखा, पेयजल संकट का स्थायी समाधान**

और नगर की प्रमुख मांगों को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से पेयजल संकट के स्थायी समाधान और गौरव पथ फेज-2 के अधूरे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की।

इससे पहले उप मुख्यमंत्री अरुण साव के बचेली पहुंचने पर भाजपा बचेली मंडल द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बचेली के हनुमान मंदिर चौक पर एकत्रित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और गगनभेदी नारों के साथ उप मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल देखा गया, जहाँ कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

बचेली में ज्ञापन सौंपने के बाद किरंदुल में आयोजित एक भव्य लोकार्पण समारोह में शामिल होने पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस समस्या की गंभीरता को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया। समारोह के मंच से बोलते हुए उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से यह बात मानी कि नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने बचेली की पेयजल समस्या के स्थायी निराकरण के लिए उन्हें ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मंच से जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि यह गंभीर समस्या अब उनके संज्ञान में आ चुकी है और राज्य सरकार जल्द ही इसका उचित व स्थायी निराकरण करेगी। उप मुख्यमंत्री के इस खुले आश्वासन के बाद क्षेत्रवासियों में पेयजल संकट दूर होने की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने नगर में गहराते जल संकट की ओर ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने बताया कि बचेली नगर में लगभग दो-दो लाख लीटर क्षमता की 5 पानी टंकियां निर्मित हैं, लेकिन पर्याप्त जल स्रोत न होने के कारण ये टंकियां शोपीस बनकर रह गई हैं और नागरिकों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि नगर के कई वार्डों में 300 से 350 फीट तक बोरिंग कराने के बाद भी पानी नहीं निकल रहा है। इसके अलावा, नगर के 20 प्रमुख बोरवेलों में से 12 पूरी तरह प्रभावित (सूख चुके) हो चुके हैं, जिससे आने वाले दिनों में संकट और गंभीर होने की आशंका है। नगर पालिका अध्यक्ष ने इस समस्या के परमानेंट इलाज के रूप में मलांगीर से बचेली तक पाइपलाइन विस्तार योजना को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल स्वीकृति देने की मांग की है। इसी मांग पर उप मुख्यमंत्री ने किरंदुल के मंच से त्वरित सकारात्मक कार्रवाई की बात कही। ज्ञापन में नगर की दूसरी सबसे बड़ी समस्या 'गौरव पथ फेज-2' के अधूरे निर्माण कार्य को लेकर उठाई गई। अध्यक्ष जायसवाल ने उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि लगभग दो किलोमीटर लंबी इस सड़क का आधा कार्य पिछले काफी समय से अधूरा पड़ा है। इस सड़क के बनने से न केवल नगर की यातायात व्यवस्था सुगम और सुरक्षित होगी, बल्कि बचेली के सौंदर्यीकरण को भी एक नया आयाम मिलेगा।

इन दो मुख्य मांगों के अलावा, नगर पालिका अध्यक्ष ने बचेली नगर के समग्र विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार और अन्य पेंडिंग विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त फंड जारी करने का भी आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना, स्वागत के लिए आभार जताया और नियमों के तहत जल्द से जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# बाढ़ आपदा राहत को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

कलेक्ट्रेट कार्यालय के तृतीय तल सभाकक्ष में कलेक्टर देवेश कुमार की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में आगामी मानसून वर्ष 2026 के संदर्भ में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के कार्ययोजना के संबंध में कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों द्वारा कार्य योजना की जानकारी चाही गई।

- **पौधरोपण कार्यक्रम सहित अन्य बिंदुओं पर हुई विस्तार से समीक्षा**

उन्होंने कहा कि आगामी मानसून को देखते हुए अधिकारी बाढ़ आपदा राहत केंद्रों में पूर्व से ही मरम्मतीकरण बिजली, पानी, राशन हेतु कार्ययोजना बना लेवे ताकि किसी भी परिस्थिति के समय जनजीवन को तात्कालिक राहत पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही विद्युत विभाग को विशेष निर्देश दिया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पावर लाइन के नजदीक के पेड़ों को चिन्हांकित करते हुए छटाई कटाई कार्य को पूर्व से ही कर लेवे। ताकि विद्युत अवरोध की स्थिति न उत्पन्न हो। इसके अलावा नगरीय निकाय क्षेत्रों में रोड किनारे के जर्जर पेड़ों को भी सार्वजनिक सुरक्षा की दृष्टि से पूर्व से ही कटाई कर लेवे ताकि किसी भी प्रकार की परिस्थिति न हों इसके साथ ही उन्होने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि वे वर्षा जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए दवाईयों के भण्डारण के साथ-साथ मितानिनों की काउंसलिंग ट्रेनिंग भी करवाए। खाद्य विभाग को निर्देश दिया गया कि वे प्रभावित क्षेत्रों में राशन तथा अन्य दैनिक खाद्य सामग्रियों के वितरण को देखते हुए इसका भण्डारण किया जाना सुनिश्चित कर लेवें।

इसके अलावा छात्रावासों और शालाओं में छात्रों के स्वास्थ्य जांच तथा मलेरिया डेंगू से बचाव हेतु पूर्व सावधानियां बरतने के लिए स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति विभाग को निर्देशित किया गया।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित किए : संतोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्षीय कार्यकाल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवधि भारत के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की ऐतिहासिक यात्रा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रारंभ हुई विकास यात्रा ने आज भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, जीएसटी, नई शिक्षा नीति तथा किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में संचालित अनेक योजनाओं ने देश की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने कोरोना महामारी जैसी वैश्विक चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया तथा दुनिया के अनेक देशों को भी सहायता उपलब्ध कराकर मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने निर्णायक नेतृत्व का परिचय दिया है।

## ई-गजट पोर्टल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** डिरेगुलेशन 2.0 के अंतर्गत राज्य के सभी अधिनियमों, नियमों, विनियमों, शासनादेशों, परिपत्रों, अधिसूचनाओं एवं नीतियों को एक केंद्रीकृत डिजिटल रिपॉजिटरी के रूप में ई-गजट पोर्टल पर संधारित करने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के ई-गजट पोर्टल में राजपत्रित तथा गैर-राजपत्रित अधिसूचनाओं के संधारण का प्रावधान किया गया है। जिला बीजापुर में पीए-22 की अनुशंसाओं के पूर्ण अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिसूचनाओं को ई-गजट पोर्टल के माध्यम से शासकीय मुद्रणालय भेजने तथा विभागीय गैर-राजपत्रित अधिसूचनाओं को पोर्टल पर अपलोड करने की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। उक्त कार्यों के सुचारू संचालन एवं समन्वय के लिए डिप्टी कलेक्टर मयंक सिंह मण्डावी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# गायत्री महामंत्र की गूंज से भक्तिमय हुआ राघव मंदिर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ किरंदुल

नगर की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना के साथ राघव मंदिर परिसर में पहली बार आयोजित 24 घंटे का संगीतमय सामूहिक गायत्री महामंत्र अखंड पाठ रविवार सुबह 10 बजे विधिवत संपन्न हो गया।

शनिवार सुबह 10 बजे से आरम्भ हुआ था यह कार्यक्रम। इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीराम जनकल्याण सेवा समिति राघव मंदिर परिवार और गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर गायत्री महामंत्र के पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक गतिविधियों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ अखंड पाठ में भाग लिया। आयोजन के दौरान गायत्री परिवार किरंदुल, बचेली और दंतेवाड़ा सहित नगर की विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समितियों ने क्रमवार गायत्री महामंत्र का पाठ, भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक प्रस्तुतियां दीं। इससे पूरे आयोजन में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

अखंड पाठ की पूर्णाहुति के बाद गायत्री परिवार द्वारा वैदिक हवन और महाआरती का आयोजन किया गया।समापन पर राघव मंदिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ला की धर्मपत्नी स्वर्गीय अंतिमा शुक्ला की स्मृति में एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए भोग-प्रसाद का वितरण किया गया। नगरवासियों ने इस आयोजन को सामाजिक एकता, आध्यात्मिक जागरण और सामूहिक आस्था का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

# त्वरित कार्रवाई आवश्यक ताकि प्रशासन पर बना रहे लोगों का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोंड



विकासखंड बस्तर के राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े भोंड लामकेर-झारतराई सड़क की जर्जर स्थिति से लोग परेशान है। क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों, छात्रों, किसानों और आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सीधे प्रभावित करने वाला गंभीर समस्या बन चुका है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित इस मार्ग का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करना था, जिससे लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाएं आसानी से मिल सके। लेकिन वर्तमान में सड़क की बदहाली ने इस उद्देश्य को प्रभावित किया है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने, सुशासन तिहार में आवेदन देने और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं, मरीजों और किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक नेताओं का गृह क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में लोगों की अपेक्षा अधिक रहती है कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। जब लंबे समय तक कोई ठोस पहल दिखाई नहीं देती, तो जनता के मन में प्रशासनिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों की मांगें न्यायोचित हैं और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाए जाने से लोगों को राहत मिलेगी, क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी तथा शासन-प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।




**// शपथ पत्र //**

मैं जनक राम पिता रूपसाय उम्र 41 वर्ष निवासी कन्हारगांव तहसील धनोरा जिला कोंडागांव छ.ग. शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरा सही नाम निर्मला (NIRMALA) पिता जनक राम (JANAK RAM) अंकित है जो कि सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरे पुत्री के आधारकार्ड क्र. 698098960008 संचालित है जिसमें त्रुटिवश निर्मल (NIRMAL) पिता जनक राम (JANK RAM) अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार सही नाम नाम निर्मला (NIRMALA) पिता जनक राम (JANAK RAM) अंकित है जो कि सही एवं सत्य है।
4. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार सही नाम नाम निर्मला (NIRMALA) पिता जनक राम (JANAK RAM) अंकित करवाना चाहता हूँ जो कि सत्य एवं सही है।
5. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त वर्णित कथन के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

जनक राम
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं जनक राम पिता रूपसाय उम्र 41 वर्ष निवासी कन्हारगांव तहसील धनोरा जिला कोंडागांव छ.ग. सत्यनिष्ठापूर्वक घोषित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक की दी गई जानकारी सही एवं सत्य है आज दिनांक 05.06.2026 को स्थान फरसगांव में हस्ताक्षर किया हूं।

जनक राम
सत्यापनकर्ता

**// शपथ पत्र //**

मैं बिजु राम पिता लखमू राम उम्र 42 वर्ष निवासी-भंडारसिवनी तहसील फरसगांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरी पुत्री के आनलाईन जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम कामनी मरकाम अंकित है जो कि सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधारकार्ड नंबर 5582 9837 8539 जारी किया गया है जिसमें मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश कामिनी मरकाम अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधारकार्ड नंबर 5582 9837 8539 में सही नाम जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार कामनी मरकाम अंकित करवाना चाहता हूं जो कि सही एवं सत्य है।
5. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त वर्णित कथन मेरी पुत्री का आधारकार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

बिजु राम
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं बिजु राम पिता लखमू राम उम्र 42 वर्ष निवासी-भंडारसिवनी तहसील फरसगांव जिला-कोंडागांव(छ.ग.)सत्यानिष्ठापूर्वक कथन करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक दी गई जानकारी सही एवं सत्य है। आज दिनांक 08.06.2026 को स्थान फरसगांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

बिजु राम
सत्यापनकर्ता

**// शपथ पत्र //**

मैं बिजु राम पिता लखमू राम उम्र 42 वर्ष निवासी-भंडारसिवनी तहसील फरसगांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरी पुत्री के आनलाईन जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम भीमा मरकाम अंकित है जो कि सही सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधारकार्ड नंबर 7038 9887 6285 जारी किया गया है जिसमें मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश गीता मरकाम अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण गलत है।
4. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधारकार्ड नंबर 7038 9887 6285 में सही नाम जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार भीमा मरकाम अंकित करवाना चाहता हूं जो कि सही एवं सत्य है।
5. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त वर्णित कथन मेरी पुत्री का आधारकार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

बिजु राम
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं बिजु राम पिता लखमू राम उम्र 42 वर्ष निवासी-भंडारसिवनी तहसील फरसगांव जिला-कोंडागांव(छ.ग.)सत्यानिष्ठापूर्वक कथन करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका क्र.01 से 05 तक दी गई जानकारी सही एवं सत्य है। आज दिनांक 08.06.2026 को स्थान फरसगांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

बिजु राम
सत्यापनकर्ता

## खबर संक्षेप

### आईटीआई बकावंड में प्रवेश शुरू

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बकावंड में सत्र 2026-27 एवं 2027-28 के तहत विभिन्न ट्रेडों कोपा, फिटर, विद्युतकार, प्लम्बर एवं डीजल मैकेनिक में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बकावंड से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 15 जून 2026 तक प्रवेश संबंधी आवेदन कर सकते हैं।

### शासकीय पालीटेक्निक में काउसिलिंग प्रारंभ

**बीजापुर।** राज्य की पालीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु संचालनालय तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन के अधीन काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश की समय सारणी के अनुसार प्रथम चरण 11 जून, द्वितीय चरण 26 जून एवं अंतिम चरण 11 जुलाई से संपादित होना है। जिला बीजापुर में संचालित पालीटेक्निक में सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। काउंसिलिंग की सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी मोबाइल पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। या अभ्यर्थी स्वयं संस्था में उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### आयुर्वेदिक उपचार से गठिया रोग से मिली राहत



**बीजापुर।** ग्राम लंकापल्ली इलमिड़ी निवासी 49 वर्षीय वाटी ककेम लंबे समय से गठिया रोग से पीड़ति थीं। बीमारी के कारण उन्हें जोड़ों में दर्द और दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने सरकारी अस्पताल से उपचार भी कराया, लेकिन अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। इसी दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इलमिड़ी में पदस्थ डॉ. सुब्रत कुमार बेहरा से संपर्क कर अपनी समस्या बताई। चिकित्सकीय परामर्श के बाद उन्हें आयुर्वेदिक औषधियां जैसे महायोगराज गुग्गुल, महानारायण तेल एवं सर्पगंधा वटी प्रदान की गईं। साथ ही मदिरा, तैलीय एवं मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करने तथा संतुलित आहार में चावल, रोटी, दाल और हरी सब्जियों का नियमित सेवन करने की सलाह दी गई।
वाटी ककेम ने चिकित्सकीय परामर्श का पालन करते हुए नियमित रूप से आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन किया। उपचार के कुछ समय बाद उनके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ और गठिया से होने वाले दर्द एवं असुविधा से राहत मिली। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिले उपचार और उचित मार्गदर्शन से उन्हें नई उम्मीद और बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त हुआ है।

# छोटे स्तर से शुरू किया बेकरी-नमकीन का कारोबार, आज बाजार में भारी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ तोकापाल की विद्या बनीं रोल मॉडल

जिले के तोकापाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंगनपुर निवासी विद्या साहू आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और मेहनत की मिसाल बन गई हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर उन्होंने न केवल अपना स्वरोजगार स्थापित किया, बल्कि अपनी मेहनत और लगन के दम पर परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाया है। विद्या साहू ने बेकरी एवं नमकीन निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत भले ही छोटे स्तर से हुई, लेकिन उनके उत्पादों की गुणवत्ता और स्वाद ने जल्द ही स्थानीय बाजार में अपनी पहचान बना ली। वर्तमान में उनके द्वारा तैयार किए जाने वाले बेकरी और नमकीन उत्पादों की अच्छी मांग है। यही कारण है कि वे आसपास के व्यवसायियों और छोटे किराना दुकानदारों को नियमित रूप से अपने उत्पादों की आपूर्ति कर रही हैं। बेकरी व्यवसाय के साथ-साथ विद्या सिलाई-कढ़ाई का कार्य भी करती हैं, जिससे उनकी आय में और वृद्धि हुई है। उनके पति प्रतीक साहू भी हर कदम पर उनका सहयोग करते हैं। खेती-किसानी से जुड़े प्रतीक अपने दो एकड़ कृषि भूमि पर उन्नत कृषि कार्य कर परिवार की आय बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहारे आत्मनिर्भर बनीं ग्रामीण महिलाएं

### मुनाफे से खरीदी स्कूटी और आभूषण

विद्या बताती हैं कि उनके व्यवसाय से प्रतिमाह लगभग 12 से 15 हजार रुपये की आमदनी हो रही है। इस अतिरिक्त आय से वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही हैं। इतना ही नहीं अपनी कमाई से उन्होंने आभूषण एवं एक स्कूटी भी खरीदी है, जिससे उनके कार्यों में सुविधा और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं।



### अवसर और सही मार्गदर्शन से मिली नई पहचान

आज विद्या साहू का परिवार आर्थिक रूप से पहले से अधिक सशक्त और खुशहाल है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि यदि महिलाओं को अवसर, प्रशिक्षण और सही मार्गदर्शन मिले तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। विद्या की यह प्रेरणादायक सफलता ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गई है।

## कलेक्टर ने दिए निर्देश, 20 जून तक कराएं समितियों से खाद का उठाव

# किसानों को समय पर मिले खाद बीज, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ समय-सीमा की बैठक में योजनाओं की प्रगति और लंबित प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बीज एवं खाद वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए तथा यूरिया, डीएपी एवं एनपीके खाद का वितरण निर्धारित मात्रा के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग के मैदानी अमले के माध्यम से किसानों को जागरूक करने तथा किसानों से 20 जून तक अधिक से अधिक खाद उठाव कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा एग्रीस्टैक में लंबित पंजीयन की स्थिति का संज्ञान तहसीलदारों से लेकर आगामी राजस्व अधिकारियों की बैठक से पहले पूरा करवाने के निर्देश दिए। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में एग्रीस्टैक आईडी वाले किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने तथा 30 जून तक संचालित ''खेत बचाओ अभियान'' का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।



### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटारा

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने सहित स्कूलों के अतिरिक्त कक्षों का उपयोग भवन विहीन आँगनबाड़ी केन्द्र के रूप में, धान उठाव, सेवा सेतु केंद्र एवं सीएससी सेवाओं के विस्तार की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभागों के मैदानी अमले की नियमित साप्ताहिक समीक्षा लेने के निर्देश दिए। साथ ही ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्ययोजना तैयार करने, आश्रम-छात्रावास एवं एकलव्य विद्यालयों में पोषण वाटिका विकसित करने तथा पीएम सूर्य घर योजना का लाभ जनप्रतिनिधियों, पंचायतों एवं स्व-सहायता समूहों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

### निजी स्कूलों की मनमानी पर कलेक्टर सख्त

निजी स्कूलों में फीस वृद्धि और पुस्तकों एवं यूनिफॉर्म की एकल दुकान से खरीदी के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाए जाने की शिकायतों पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं उल्लास सर्वे परीक्षा के लिए शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करने तथा ग्राम पंचायत स्तरीय समितियों के माध्यम से निरक्षर व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें प्रारंभिक साक्षरता से जोड़ने के निर्देश भी दिए। बैठक में एनएचएम के अंतर्गत एएनएम एवं आरएचओ भर्ती प्रक्रिया की प्रगति, जल जीवन मिशन के लंबित भुगतान, पीएम यूनिटी मॉल के लिए जिले के उत्पादों एवं स्व-सहायता समूहों का चयन, बस्तर मुन्ने अभियान, सुशासन तिहार, जनसमस्या निवारण शिविर एवं राजस्व पखवाड़े के लंबित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की गई।

### बस्तर को मलेरिया मुक्त बनाने की जंग

बैठक में 28 जून को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान तथा 15 जून से 15 जुलाई तक संचालित ''मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान'' की तैयारियों की समीक्षा की गई। मानसून को देखते हुए आपदा प्रबंधन की तैयारियां पूर्ण रखने, कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अंत में समय-सीमा के अन्य प्रकरणों एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# अभियान में अग्रणी भूमिका निभाए अजजा मोर्चा : सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व औषधीय पादप बोर्ड अध्यक्ष बैठक में हुए शामिल

संगठनात्मक गतिविधियों को रफ्तार देने भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में की गयी। जिसमें अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं औषधीय पादप बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम शामिल हुये। जिन्होंने संगठन को मजबूत बनाने व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों को लाभान्वित करने मार्गदर्शन दिया।

सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र की एनडीए सरकार के सफलतम बारह वर्ष पूर्ण हुये है। 21 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान में अजजा मोर्चा सभी निर्धारित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भूमिका निभायें। मोर्चा के कार्यकतार्ओं को संगठन की मजबूती के लिये सक्रियता से कार्य करने कहा। मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बस्तर अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में जन जन को मिल सके, इस कार्य हेतु मोर्चा के कार्यकर्ता अग्रणी रहें। जिला अध्यक्ष संतोष बघेल ने प्रारंभिक उद्बोधन दिया। संचालन जिला महामंत्री परीस बेसरा व आभार प्रदर्शन राधेश्याम पेन्द्रे ने किया।

बैठक में मोर्चा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कश्यप, उपाध्यक्ष बैदूराम कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, बलदेव मण्डावी, लखीधर बघेल, ललिता बघेल, धरमु मण्डावी, कुलेश्वर कश्यप, वामन वट्टी, परदेशी कश्यप,चमेली जिराम, त्रिवेणी रंधारी, गायत्री बघेल,संतोष गौर, भरत कश्यप, सुदराम कश्यप, कमल राम,पाकलू कश्यप, घनश्याम बघेल, शम्भू नाग, गंमचम मण्डावी,डोमु कश्यप, रामसिंह नाग, मोहन मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# केंद्रीय जेल में बंदियों की मौत गंभीर, जांच हो : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद के निर्देश पर आज जगदलपुर, बस्तर एवं चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय जेल में तीन बंदियों की मौत के मामले में उच्च स्तरीय जांच एवं दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया कि सभी जेलों की सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन, मानवाधिकार संरक्षण तंत्र तथा मॉडल प्रिजन मैनुअल-2016 और जेल अधिनियम-1894 के अनुपालन का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए। उन्होंने कहा कि मृत्यु की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय होना आवश्यक है।

अध्यक्ष मेहताब सिंह ने कहा कि लगातार हो रही घटनाएं जेल प्रबंधन की गंभीर खामियों की ओर संकेत करती हैं। कमल बघेल ने कहा कि आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग विभिन्न मामलों में जेलों में बंद हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बनमाली नाग ने कहा कि बस्तर की जनता जवाब चाहती है कि तीन बंदियों की मौत कैसे हुई। इस मामले में पारदर्शी जांच और रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए। अन्यथा जनआंदोलन चलाया जाएगा।



# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ का प्रदर्शन आज, कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बस्तर ब्लॉक में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ का गठन

तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला बस्तर ने संगठन के प्रदेश महामंत्री गजेन्द्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संघ को जमीनी स्तर पर अत्याधिक मजबूत करने के अभियान के तहत मंगलवार को ब्लॉक इकाई बस्तर में संगठन का पुनर्गठन करते हुए रमेश शुक्ला को बस्तर ब्लॉक अध्यक्ष, श्रीनिवास तिवारी को सचिव तथा विद्या सागर बघेल लिपिक को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। कार्यक्रम में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए संगठन तथा कर्मचारी हित में अधिक मजबूती और निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष अतुल शुक्ला ने कर्मचारियों को एकजुट रह कर अपनी अधिकारो के लिए संगठित होने का आह्वान किया। संघ के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष संजय चौहान ने बस्तर ब्लॉक के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित कर कहा की इतिहास गवाह है की कोई भी अधिकार बिना एकता और संघर्ष के नहीं मिला जब कर्मचारी संगठित होते हैं तो ही उनका आवाज सत्ता तक पहुंचने है इसलिए सभी कर्मचारी संगठित रहे और संघर्ष के लिए तैयार रहें। प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेतृत्व में 10 जून को बस्तर जिला मुख्यालय में जंगी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन कलेक्टर बस्तर को सौंपा जाएगा।



# उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण, सभी अभिलेख एवं स्टॉक मिले दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशानुसार कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओं तथा सरकारी समितियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विकासखंड भोपालपटनम के ग्राम मद्देड़ स्थित मेसर्स लक्ष्मी मार्केटिंग एवं बालाजी ट्रेडर्स एंड जनरल स्टोर में उपलब्ध उर्वरकों का भौतिक सत्यापन किया गया। संयुक्त दल ने दुकानों में उपलब्ध 20-20-0-13, यूरिया एवं टी.एस.पी. उर्वरकों के पास मशीन में दर्ज स्टॉक का भौतिक स्टॉक से मिलान किया। साथ ही उर्वरक विक्रय से संबंधित दस्तावेजों जैसे अनुज्ञप्ति प्रमाण-पत्र, ओ-फॉर्म की वैधता तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों के बीज विक्रय लाइसेंस, स्त्रोत प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का भी परीक्षण किया गया। जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई और सभी दस्तावेज नियमानुसार पाए गए। निरीक्षण दल में उग्रेश कुमार देवांगन एवं कृष्णा सिन्हा, सहायक संचालक कृषि तथा लक्ष्मण कुमार राठिया, तहसीलदार भोपालपटनम उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से इस प्रकार की जांच आगे भी जारी रहेगी।